# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026


## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने की राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शिष्टाचार भेटं।


Publisher — Published on 31 May 2025




## जयपुर राजभवन मे हुंई मुलाकात, विभिन्न विषयों पर हुई सारगर्भित चर्चा।

सवांदाता,जयपुर,राजस्थान

**जयपुर, 31 मई 2025:** राजस्थान की **उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी** ने आज माननीय **राज्यपाल श्री.हरिभाऊ किसनराव बागडे** से **राजभवन, जयपुर** में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों गणमान्य व्यक्तियों के बीच **राज्यहित, प्रशासनिक सहयोग**, एवं **सामाजिक विकास** से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई।

**दीया कुमारी** ने राज्यपाल **श्री.हरिभाऊ बागडे** को उनके सक्रिय **मार्गदर्शन** व **जनकल्याणकारी दृष्टिकोण** के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य सरकार जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए हर क्षेत्र में सतत विकास हेतु कटिबद्ध है।

राज्यपाल **श्री.हरिभाऊ बागडे** ने भी दीया कुमारी को राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने युवा नेतृत्व की भागीदारी को लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए आवश्यक बताया।

**मुलाकात की मुख्य विशेषताएं:**

१. **सामाजिक कल्याण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण** जैसे विषयों पर विचार-विमर्श

२. **केंद्रं एवं राज्य सरकार की योजनाओं** के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा

३. **राजभवन और मुख्यमंत्री कार्यालय** के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल

४. इस शिष्टाचार मुलाकात को **राजस्थान की राजनीतिक दृष्टि से एक सकारात्मक संकेत** माना जा रहा है, जहां **सहयोग** और

**संवाद** को प्राथमिकता दी जा रही है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.